सिर पे हाथ है तेरा

मेरी आँखों में आंसू को तू आने ही नहीं देता,
मैं रोना भी जो चाहु तो तू रोने भी नहीं देता,
जो सिर पे हाथ है तेरा मैं तूफ़ान से नहीं डरता,
मैं डरना भी चाहु तो तू डरने भी नहीं देता,
मेरी आँखों में आंसू को तू आने ही नहीं देता,

ख़ुशी क्या होती है बाबा ये तो हम भूल बैठे थे,
तू रूठा हम से शायद था हमे सब लोग कहते थे,
मगर अपना तू जिसको कहे वो जहा की नहीं सुनता,
वो सुन न भी जो चाहे तो सुन ने ही नहीं देता,
मेरी आँखों में आंसू को तू आने ही नहीं देता,

तू पाले मुझको सांवरियां जैसे कोई बाप बच्चे को.
समबाले ऐसे सांवरियां जैसे कोई दादा पोते को,
उठाये उंगली कैसे भला जब तू मेरे साथ रहता है,
उठाना भी जो चाहे जो उठाने ही नहीं देता,
मेरी आँखों में आंसू को तू आने ही नहीं देता,

तेरे दम से ही सांवरियां मेरी हर सांसे चलती है,
तू करता माफ़ हर एक बार होती जब मुझसे गलती है.,
बनु गा मैं बुरा कैसे जो संग में तू खड़ा मेरे ,
बुरा बना न भी चाहु तो तू बनने ही नहीं देता,
मेरी आँखों में आंसू को तू आने ही नहीं देता,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/5912/title/ser-pe-hath-hai-tera-main-toofan-se-nhi-darta-meri-ankho-me-ansu-ko-tu-aane-hi-nhi-deta

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |